
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

02 अगस्त 2025


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

आत्म-जागरूकता सबसे बड़ा खजाना है।

सुकरात



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

2 अगस्त

## मधु प्रिया

## आचार्य प्रफुल्ल चंद्र का जन्म 2 अगस्त



आचार्य प्रफुल्ल चंद्र का जन्म 2 अगस्त 1861 ई. में जैसोर ज़िले के ररौली गांव में हुआ था। उनका पूरा नाम आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय था। 1879 में उन्होंने दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। फिर आगे की पढ़ाई मेट्रोपोलिटन कॉलेज (अब विद्यासागर कॉलेज) में शुरू की। उस समय रसायन विज्ञान ग्यारहवीं कक्षा का एक अनिवार्य विषय था। वहीं पर पेडलर महाशय की उत्कृष्ठ प्रयोगात्मक क्षमता देखकर धीरे-धीरे वे रसायन विज्ञान की ओर उन्मुख हुए। अब प्रफुल्ल चंद्र राय ने रसायन विज्ञान को अपना मुख्य विषय बनाने का निर्णय कर लिया था। पास में प्रेसिडेंसी कॉलेज में विज्ञान की पढ़ाई का अच्छा इंतज़ाम था,इसलिए वह बाहरी छात्र के रूप में वहाँ भी जाने लगे। वर्ष 1885 में उन्होंने पी.एच.डी का शोधकार्य पूरा किया। 1887 में "ताम्र और मैग्नीशियम समूह के 'कॉन्जुगेटेड' सल्फेटों" के बारे में किए गए उनके कार्यों को मान्यता देते हुए एडिनबरा विश्वविद्यालय ने उन्हें डी.एस.सी की उपाधि प्रदान की। आचार्य प्रफुल्ल चंद्र को जुलाई 1889 में प्रेसिडेंसी कॉलेज में 250 रुपये मासिक वेतन पर रसायनविज्ञान के सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्त किया गया। यहीं से उनके जीवन का एक नया अध्याय शुरू हुआ। 1911 में वे प्रोफेसर बने। उसी वर्ष ब्रिटिश सरकार ने उन्हें 'नाइट' की उपाधि से सम्मानित किया। 1916 में प्रेसिडेंसी कॉलेज से रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष के पद से सेवानिवृत्त हुए। फिर 1916 से 1936 तक उसी जगह एमेरिटस प्रोफेसर के तौर पर कार्यरत रहे। वे देश विदेश के अनेक विज्ञान संगठनों के सदस्य रहे। उन्होंने एक और महत्वपूर्ण कार्य किया था,वह था अमोनियम नाइट्राइट का उसके विशुद्ध रूप में संश्लेषण। इसके पहले माना जाता था कि अमोनियम नाइट्राइट का तेजी से तापीय विघटन होता है तथा यह अस्थायी होता है। राय ने अपने इन निष्कर्षों को फिर से लंदन की केमिकल सोसायटी की बैठक में प्रस्तुत किया। 16 जून 1944 वह दिन था जब आचार्य प्रफुल्लचंद्र राय इस महान वैज्ञानिक और देशभक्त का निधन कलकत्ता में हो गया।

# जयंती विशेष 02 अगस्त




**पिंगलि वेंकय्या** अथवा 'पिंगली वेंकैय्या' *Pingali Venkayya*, जन्म: 2 अगस्त, 1878, आन्ध्र प्रदेश; मृत्यु: 4 जुलाई, 1963) भारत के राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' के अभिकल्पक थे। वे भारत के सच्चे देशभक्त, महान् स्वतंत्रता सेनानी एवं कृषि वैज्ञानिक भी थे।



राकेश कुमार

unicef

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

## माह: August 2025

**प्रथम शनिवार**

दिनांक **02.08.2025**

बाढ़ से खतरे एवं डूबने से बचाव के उपाय, कौशल विकास एवं अभ्यास ( मॉकड्रिल )



**द्वितीय शनिवार**

दिनांक **09.08.2025**

पेयजल की अशुद्धता से होने वाले खतरे एवं इसके उपाय के बारे में जानकारी



**तृतीय शनिवार**

दिनांक **16.08.2025**

सांप, बिच्छू दंश एवं अन्य विषैले जीव जंतुओं के काटने से होने वाली परेशानियां एवं उनके समाधान। कुत्ते एवं बंदर का काटना एवं इससे बचाव के उपाय के बारे में जानकारी।



**चतुर्थ शनिवार**

दिनांक **23.08.2025**

नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी



**किसी माह पांचवे शनिवार पड़ने की स्थिति में**

**बच्चों को स्वच्छता संबधित जानकारी देंगे एवं उसका अभ्यास करायेंगे।**

## बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

www.teachersofbihar.org

# ECO CLUBS For Mission LiFE

राकेश कुमार





## माह अगस्त

## विषय: सतत खाद्य प्रणाली एवं जैव विविधता

### विषय परिचय

**समस्या**

पेड़ों की कटाई और वन क्षेत्र में कमी से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, जिससे जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण बढ़ रहा है।

**आवश्यकता**

वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संतुलन को बनाए रखना और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करना।



### विद्यालय स्तर पर सुझाई गई गतिविधियां

1. स्कूल परिसर में पौधारोपण अभियान।
2. पोषण वाटिका या औषधीय वाटिका बनाना।
3. एक पेड़ एक छात्र अभियान ( प्रत्येक छात्र को एक पौधा गोद लेना ) ।
4. जैव विविधता पर आधारित पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता।
5. वृक्षों की देखभाल और उनकी वृद्धि की निगरानी करना।
6. खाने की बर्बादी को कम करना।

### समुदाय स्तर पर सुझाई गई गतिविधियां

1. गाँव के खाली स्थानों पर पौधारोपण करना।
2. पौधारोपण के लिए सामूहिक प्रयास करना और गांववासियों को जोड़ना।
3. स्थानीय वनस्पति और जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाना।






# टी-20 बैटर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | टीम | पॉइंट्स |
|---|---|---|---|
| 1 | अभिषेक शर्मा | भारत | 829 |
| 2 | ट्रैविस हेड | ऑस्ट्रेलिया | 814 |
| 3 | तिलक वर्मा | भारत | 804 |
| 4 | फिल सॉल्ट | इंग्लैंड | 791 |
| 5 | जोस बटलर | इंग्लैंड | 772 |
| 6 | सूर्यकुमार यादव | भारत | 739 |
| 7 | पाथुम निसांका | श्रीलंका | 736 |
| 8 | टिम साइफर्ट | न्यूजीलैंड | 725 |
| 9 | जोश इंगलिस | ऑस्ट्रेलिया | 717 |
| 10 | शाई होप | वेस्टइंडीज | 690 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **02.08.2025**


## कौशल विकास


कौशल विकास के लिए शिक्षा में विस्तार की प्रक्रिया शामिल होती है, जो छात्रों को अधिक रोज़गार-योग्य बनने में मदद करती है और उन्हें आजीवन सीखने के लिए तैयार करती है। समकालीन कार्य वातावरण की माँगों से निपटने के लिए छात्रों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल की भी आवश्यकता होती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



साउथ अफ्रीका - की **Mponeng Gold Mine** दुनिया की सबसे गहरी और सबसे बड़ी सोने की खदान है, जिसकी गहराई 4 किलोमीटर है। यहां हर साल करीब 7000 किलो सोना निकाला जाता है, जो पूरी दुनिया के कुल उत्पादन का 16% है। नीचे का तापमान इतना ज्यादा है कि वहां अंडे उबालना भी संभव है!


पद्य पंकज
"जो भरा नहीं है भावों से
जिसमें बहती रसधार नहीं
वह हृदय नहीं है पत्थर है,
जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं"
मैथिली शरण गुप्त
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
देश की सम्पूर्ण विविधता को मात्र
एक पताका में पिरोने वाले,
भारतीय राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' के
अभिकल्पक
पिंगली वेंकैया
की जयंती पर सादर नमन।
जन्म- 2 अगस्त 1876 - मृत्यु- 4 जुलाई 1963
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

तृतीय अंक | मूल्य : अमूल्य | जुलाई से सितंबर

TEACHERS OF BIHAR

# प्रज्ञानिका

देश की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स ऑफ बिहार की प्रस्तुति

नई शिक्षा नीति

शुभांशु शुक्ला की कहानी



विद्यालय गाथा

शिक्षक गाथा

## बीट को ढाल बना सामाजिक बेड़ियाँ तोड़ रही बेटियाँ



ई-पत्रिका प्राप्त करने के लिए QR कोड को स्कैन करें

www.teachersofbihar.org

# ToB बालमंच

मासिक जुलाई - 2025 नन्हीं कलम से....

## मानसून विशेषांक

**इस अंक में पढ़ें**

बारिश के बाद उमस भरी गर्मी लगती है, क्यों ?

प्रधान संपादिका : रूबी कुमारी
उ म वि सरौनी बौंसी (बाँका)

अंक 41

सम्पादक : त्रिपुरारि राय
म वि रौटी महिषी (सहरसा)

